कार्यालय –प्राचार्य,प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय,बिहिया,पटना।

(नामांकन हेतु चयनित अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक सूचना)

प्रथम चयन सूची से नामांकन दिनांक–12.06.2018 से दिनांक–14.06.2018 तक कार्यालय अवधि में लिया जायेगा। दिनांक–14.06.2018 तक नामाकंन हेतु उपस्थित नही होने पर प्रथम सूची में चयनित अभ्यर्थी का दावा स्वतः समाप्त हो जायेगा।
नामांकन के समय चयनित अभ्यर्थियों को निम्नांकित दस्तावेज साथ लाना आवश्यक है। –

1. मैट्रिक अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र की मूल प्रति।
2. इंटर अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र की मूल प्रति।
3. आवासीय प्रमाण पत्र की मूल प्रति।
4. जाति प्रमाण पत्र की मूल प्रति।
5. निःशक्तता प्रमाण पत्र की मूल प्रति।
6. महाविद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र की मूल प्रति।
7. रंगीन पासपोर्ट साइज दो फोटो
8. ऑनलाईन आवेदन की प्रति
9. आवेदन शुल्क 100 रु0 के ऑनलाइन भुगतान /डी0यू0 नम्बर के प्रिन्टआउट की छायाप्रति।

– उपरोक्त अंकित क्रम संख्या–1 से 6 तक की दो–दो स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति तथा एक कवर फोल्डर फाईल लाना आवश्यक है।अभ्यर्थी का नामांकन सभी मूलप्रमाण पत्रों तथा चयन सूची में अंकित तथ्यों यथा– नाम, जन्मतिथि ,कोटि,प्राप्तांक प्रतिशत, उच्चतर योग्यता एवं विषय के मिलान के उपरांत हीं लिया जायेगा। नामांकन हेतु प्रकाशित सूची के तथ्यों यथा– नाम, जन्मतिथि, कोटि,प्राप्तांक प्रतिशत,उच्चतर योग्यता एवं विषय आदि में समानता नही पाये जाने पर अभ्यर्थी का नामांकन नही लिया जायेगा तथा इसकी पूर्ण जिम्मेवारी अभ्यर्थी की होगी।

– नामांकन शुल्क का भुगतान अभ्यर्थी को केवल डिमांड ड्राफट् के माध्यम से करना है। डिमांड ड्राफट केवल **स्टेट बैंक ऑफ इंडिया(SBI)** से Principal,Primary Teachers Education college,Bihiya के नाम से बना होना चाहिए तथा Bihiya शहर में भुगतेय होना चाहिए। प्रथम वर्ष में नामांकन शुल्क सामान्य,पिछड़ा वर्ग,अतिपिछड़ा वर्ग के लिए रु. 11500 तथा अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए रु. 7000 है।

– नामांकन औपबंधिक रुप से ही लिया जायेगा तथा नामांकन उपरांत अभ्यर्थी के प्रमाण पत्रों के सत्यापन में यदि किसी प्रमाणपत्र को असत्य या फर्जी पाया जाता है तो संबंधित अभ्यर्थी का नामांकन रद्द करते हुए उसके विरुध्द प्राथमिकी दर्ज करने एवं कानूनी कारवाई प्रारंभ करने की बाध्यता होगी।

प्राचार्य